# महिला आरक्षण विधेयक, 2023 में OBC संबंधी चिंताएँ

## प्रिलिम्स के लिये:

महिला आरक्षण विधेयक, 2023, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) का उप-वर्गीकरण, सर्वोच्च न्यायालय, गीता मुखर्जी रिपोर्ट, मंडल आयोग, NCBC के लिये संवैधानिक दर्जा, न्यायमूर्ति जी. रोहिणी आयोग

## मेन्स के लिये:


OBC महिलाओं के लिये सीटों के आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में तर्क, OBC आरक्षण का ऐतिहासिक विकास

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा से पारित महिला आरक्षण विधेयक, 2023 में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिये **कोटा खत्म** किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। आलोचकों ने इस कदम को **प्रमुख सरकारी पदों पर OBC के निम्न प्रतिनिधित्व** को लेकर चिंता के रूप में इंगित किया है।

## अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिनिधित्व संबंधी चिंताएँ:

- संदर्भ:
  - **महिला आरक्षण विधेयक 2023**, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में **महिलाओं के लिये 33% सीटें आरक्षित करता है**, में OBC की महिलाओं के लिये कोई प्रावधान नहीं है।
    - इसके अलावा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के विपरीत भारतीय संविधान **लोकसभा अथवा राज्य विधानसभाओं में OBC के लिये राजनीतिक आरक्षण का प्रावधान नहीं करता है।**
- प्रमुख मुद्दे:
  - आलोचकों का तर्क है कि **OBC, जो आबादी का 41% हिस्सा हैं** (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन के वर्ष 2006 के सर्वे के अनुसार), का **लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय सरकारों में प्रतिनिधित्व अपर्याप्त है।**
    - ये **एससी और एसटी के लिये आरक्षण की तरह** ही लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में अपने लिये **अलग कोटा की मांग कर रहे हैं।**
    - हालाँकि **सरकार ने विधिक एवं संवैधानिक बाधाओं का हवाला देते हुए ऐसा कोटा लागू नहीं किया है।**
  - **उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसी कई राज्य सरकारों ने इन्हें स्थानीय निकाय चुनावों में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान** किया है।
    - लेकिन सर्वोच्च न्यायालय **ने समग्र आरक्षण पर 50% की सीमा आरोपित की है (विकास किशनराव गवली बनाम महाराष्ट्र राज्य), जिसमें OBC आरक्षण को 27% तक सीमित किया गया है।**
      - 50% की यह ऊपरी सीमा **इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ फैसले के अनुरूप है।**
      - इस निर्णय की इस आधार पर आलोचना की गई कि **27% आरक्षण, राज्यों में OBC जनसख्या के अनुपात में नहीं है।**
- **लोकसभा में OBC सदस्यों की वर्तमान संख्या:**
  - **17वीं लोकसभा में OBC समुदाय से लगभग 120 सांसद हैं, जो लोकसभा की कुल सदस्य क्षमता का लगभग 22% है।**




//

- **गीता मुखर्जी रिपोर्ट:**
  - गीता मुखर्जी रिपोर्ट में **महिला आरक्षण विधेयक** की व्यापक समीक्षा की गई थी जिसे पहली बार वर्ष 1996 में संसद में प्रस्तुत किया गया था।
  - इस रिपोर्ट में विधेयक में सुधार हेतु **सात सिफारिशें** की गईं थीं, जिसका उद्देश्य लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिये 33% आरक्षण प्रदान करना था।
  - **कुछ सिफारिशें इस प्रकार हैं:**
    - **15 वर्ष की अवधि के लिये आरक्षण।**
    - एंग्लो इंडियंस के लिये उप-आरक्षण भी शामिल हो।
    - **ऐसे मामलों में आरFक्षण जहाँ राज्य में लोकसभा में तीन से कम सीटें** हैं (या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिये तीन से कम सीटें हैं)।
    - इसमें दिल्ली विधानसभा के लिये आरक्षण भी शामिल है।
    - राज्यसभा और विधानपरिषदों में सीटों का आरक्षण।
    - संविधान द्वारा OBC के लिये आरक्षण का विस्तार करने के बाद **OBC महिलाओं को उप-आरक्षण** प्रदान करना।

## OBC महिलाओं के लिये सीटों के आरक्षण के पक्ष और विपक्ष में तर्क:

| पक्ष में तर्क | विरुद्ध तर्क |
| --- | --- |
| ▪ उन्हें अपनी जाति, वर्ग और लिंग के आधार पर **कई प्रकार के भेदभाव व उत्पीड़न का सामना** करना पड़ता है। प्रायः उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व तथा सामाजिक न्याय तक पहुँच से वंचित कर दिया जाता है।<br>▪ वे विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, धर्मों और क्षेत्रों के साथ आबादी के एक बड़े एवं विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करती हैं। उनकी **अलग-अलग आवश्यकताएँ और आकांक्षाएँ हैं जिनका अन्य श्रेणियों की महिलाओं द्वारा पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं किया जा सकता है।**<br>▪ **उन्हें ऐतिहासिक रूप से राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर राजनीतिक क्षेत्र** में कम प्रतिनिधित्व दिया गया है तथा हाशिये पर | ▪ विधेयक में **पहले से ही अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान** है, जो कि समाज में सबसे वंचित एवं कमज़ोर समूह हैं। **OBC महिलाओं के लिये एक और कोटा जोड़ने से सामान्य श्रेणी की महिलाओं के लिये उपलब्ध सीटें कम हो जाएंगी**, जिन्हें पुरुष-प्रधान राजनीतिक व्यवस्था में भेदभाव तथा चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है।<br>▪ **OBC महिलाओं के लिये अलग आरक्षण का विचार महिला आंदोलन के बीच और अधिक विभाजन एवं संघर्ष पैदा करेगा।** यह सामाजिक परिवर्तन के लिये सामूहिक शक्ति के रूप में **महिलाओं की एकजुटता व एकता** को भी कमज़ोर करेगा।<br>▪ OBC महिलाओं के लिये अलग आरक्षण से उनकी **समस्याओं** जैसे- |

| पक्ष में तर्क | विरुद्ध तर्क |
|---|---|
| रखा गया है। **उन्हें पितृसत्तात्मक मानदंडों, जातिगत पूर्वाग्रहों, हिंसा एवं धमकी, संसाधनों तथा जागरूकता की कमी व कम आत्मविश्वास जैसी बाधाओं** का सामना करना पड़ा है। | गरीबी, अशिक्षा, हिंसा, पितृसत्ता, जातिवाद और भ्रष्टाचार के **मूल कारणों का समाधान नहीं होगा।**<br>▪ यह **राजनीतिक क्षेत्र में उनकी प्रभावी भागीदारी और प्रतिनिधित्व की गारंटी भी नहीं देगा, क्योंकि उन्हें अभी भी अपने दलों तथा** समुदायों के पुरुष नेताओं द्वारा **प्रतीकात्मकता, सह-विकल्प, हेर-फेर एवं वर्चस्व जैसी बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है।** |

## भारत में OBC आरक्षण का ऐतिहासिक विकास:

- **कालेलकर आयोग (1953)**: यह यात्रा वर्ष 1953 में कालेलकर आयोग की स्थापना के साथ शुरू हुई, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर अनुसूचित जाति (Scheduled Castes- SC) और अनुसूचित जनजाति (Scheduled Tribes- ST) से परे पिछड़े वर्गों को मान्यता देने का पहला उदाहरण पेश किया।
- **मंडल आयोग (1980):** वर्ष 1980 में **मंडल आयोग** ने अपनी रिपोर्ट में **OBC आबादी 52%** होने का अनुमान लगाया गया था और देशभर में 1,257 समुदायों को पिछड़े वर्ग के रूप में पहचाना गया। इसने मौजूदा कोटा (जो पहले केवल SC/ST के लिये लागू था) को 22.5% से बढ़ाकर 49.5% करने का सुझाव दिया।
  - इन सुझावों के बाद **केंद्र सरकार ने अनुच्छेद 16(4)** के तहत OBC के लिये **केंद्रीय सिविल सेवा में 27% सीटें आरक्षित** करते हुए आरक्षण नीति लागू की।
  - यह नीति **अनुच्छेद 15(4)** के तहत केंद्र सरकार के शैक्षणिक संस्थानों में भी लागू की गई थी।
- **"क्रीमी लेयर" बहिष्करण (2008):** आरक्षण का लाभ सबसे वंचित व्यक्तियों तक पहुँचे यह सुनिश्चित करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय ने **OBC समुदाय में से "क्रीमी लेयर" को आरक्षण से बाहर** करने का निर्देश दिया।
- **NCBC के लिये संवैधानिक स्थिति (2018): 102वें संविधान संशोधन अधिनियम ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (NCBC) को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया,** जिससे OBC सहित पिछड़े वर्गों के हितों की सुरक्षा हेतु इसके अधिकार और मान्यता में वृद्धि हुई।
- **न्यायमूर्ति जी. रोहिणी आयोग: संविधान के अनुच्छेद 340 के अनुसार, 2 अक्तूबर, 2017 को** इसका गठन किया गया और **न्यायमूर्ति जी. रोहिणी की अध्यक्षता वाले आयोग** ने लगभग छह वर्ष बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की जातियों के उप-वर्गीकरण के लिये लंबे समय से प्रतीक्षित रिपोर्ट सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता मंत्रालय को सौंपी।
  - रिपोर्ट OBC के बीच उप-वर्गीकरण की अनिवार्यता को रेखांकित करती है।
  - इस उप-वर्गीकरण का उद्देश्य **ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले OBC समुदायों के लिये अवसरों को बढ़ाने हेतु मौजूदा 27% आरक्षण सीमा के अंतर्गत आरक्षण आवंटित करना है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

**प्रश्न. भारत के निम्नलिखित संगठनों/निकायों पर विचार कीजिये: (2023)**

1. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
3. राष्ट्रीय विधि आयोग
4. राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग

**उपर्युक्त में से कितने सांविधानिक निकाय हैं?**

**(a)** केवल एक
**(b)** केवल दो
**(c)** केवल तीन
**(d)** सभी चार

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/obc-concerns-in-the-women-s-reservation-bill-2023